# कार्यालय : तालुका विधिक सेवा समिति

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एंव अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कानोड़, जिला – उदयपुर (राज.)
E-Mail: tlsckanodudaipur@gmail.com

## प्रेस नोट

दिनांक : 07.02.2026

### ADJ राहुल चौधरी और ACJM मनिता प्रकाश ने परखी जेल की व्यवस्थाएं

जिला एवं सेशन न्यायाधीश, उदयपुर के निर्देशों की अनुपालना में आज अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश (ADJ) मावली, श्री राहुल चौधरी तथा अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एंव अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कानोड) श्रीमंती मनिता प्रकाश द्वारा उपकारागृह कानोड़ का आकस्मिक और निरीक्षण किया गया, जिसमें तालुका सचिव श्री गिरधारी लाल नायक भी साथ रहे। निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा, स्वच्छता और बंदियों के मानवाधिकारों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। चूंकि उपकारापाल छुट्टी पर थे, अतः उनकी जगह अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे श्री रामनिवास ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं की जानकारी दी। संवाद के दौरान सामने आया कि पीने के पानी की व्यवस्था सही नहीं है, जिस पर अधिकारियों ने पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बंदियों ने बताया कि उन्हें समय पर नाश्ता मिल जाता है और जेल का वातावरण जातिगत भेदभाव से मुक्त है। अधिकारियों ने स्वयं जेल की रसोई में बनी प्याज की सब्जी, दाल और चपाती को चखकर भोजन की गुणवत्ता की पुष्टि की। साथ ही, बंदियों के निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षा हेतु अतिरिक्त गाड्र्स की मांग के बीच अधिकारियों ने शेष व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

सचिव
तालुका विधिक सेवा समिति
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
कानोड़, जिला-उदयपुर (राज.)